हारे का सहारा है मेरी आँखों का तारा है

हारे का सहारा है मेरी आँखों का तारा है
खाटू में बैठा श्याम लगे जान से प्यारा है,
हारे का सहारा है मेरी आँखों का तारा है

दुःख अपने सुनाऊ मैं वो सुनता है सब की,
लखदातार श्याम प्रभु मुझे कहने दो मन की,
दिलदार हमारा है भक्तो का गुजारा है,
खाटू में बैठा श्याम लगे जान से प्यारा है,

मेरे दुःख के दिनों में श्याम मुझे दर पे बुलाते हो,
कहने की जरुरत क्या भव पार लगाते हो,
वो देख समज लेता आँखों में जो धारा है
खाटू में बैठा श्याम लगे जान से प्यारा है,

मैंने जब भी पुकारा है तूने दिया है सहारा है,
जीने का मतलब तो प्रभु श्याम हमारा है
अब चहल दीवाने को बस तेरा सहारा है,
खाटू में बैठा श्याम लगे जान से प्यारा है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15504/title/haare-ka-sahara-hai-meri-ankho-ka-taara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |